**1946. 'खस' विशेषकर उत्पादित होती है–**

(a) उदयपुर (b) भरतपुर
(c) चित्तौड़गढ़ (d) डूंगरपुर

**LAB Assit. Ex. Dt. 13-11-2016**
**कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान-2018**
**Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019**

**Ans. (b) :** खस घास, विशेषकर राजस्थान के भरतपुर, टोंक, सवाई माधोपुर जिलों में उत्पादित होती है। जिसे आमतौर वेटिवर और खस के रूप में जाना जाता है। इसके जड़ों से निकाले गए तेल का उपयोग सौंदर्य प्रसाधन, अरोमाथेरेपी, हर्बल स्किनकेयर के लिए किया जाता है। इसके रेशेदार गुण इसे हस्तशिल्प और रस्सियों के लिए उपयोग किया जाता है।

**1947. राजस्थान में राज्य की प्रथम वन नीति किस वर्ष में घोषित की गई?**

(a) 2001 (b) 1992
(c) 2010 (d) 2020

**House Keeper 2022_09.07.2022**
**कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम) -2019**

**Ans. (c) :** राजस्थान सरकार द्वारा फरवरी 2010 में राज्य की प्रथम वन नीति घोषित की गई थी।
राजस्थान स्टेट फारेस्ट रिपोर्ट 2021 के अनुसार, राजस्थान में लगभग 32,864.62 वर्ग किलोमीटर वन का क्षेत्र दर्ज किया गया है। यह वन क्षेत्र राज्य के भौगोलिक क्षेत्र का 9.60% है। सरकार ने इस वन क्षेत्रों को तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया है–
1. आरक्षित वन – 12,176.24 वर्ग किमी.
2. संरक्षित वन – 18,64.45 वर्ग किमी.
3. अवर्गीकृत वन – 2,123.93 वर्ग किमी.

**1948. सोरसान घास के मैदान किस जिले में स्थित हैं?**

(a) बूँदी (b) कोटा
(c) बारां (d) झालावाड़

**House Keeper 2022_09.07.2022**

**Ans. (c) :** सोरसान घास का मैदान राजस्थान के बारां जिले में स्थित है। यह एक पक्षी अभ्यारण्य भी है जो 41 वर्ग किमी. क्षेत्र मे फैला है। ये झड़ियां, कई निकायों और पक्षियों और जानवरों विविधता का घर है।

**1949. 'खेजड़ी का पेड़' संबंधित है–**

(a) गोगाजी (b) तेजाजी
(c) पाबुजी (d) देवजी

**Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020**

**Ans. (a) :** 'खेजड़ी का वृक्ष' राजस्थान के लोकदेवता गोगाजी से संबंधित है। इन्हें साँपों का देवता माना जाता है। गोगाजी का जन्म 11वीं सदी में चुरू जिले के ददरेवा नामक स्थान पर हुआ था। कवि सूर्यमल्ल मीसण ने लिखा है जो व्यक्ति गोगाजी को 'जाहरमीर' कहकर पूजते है उनकों सर्प का विष नहीं चढ़ता तथा गोगाजी का नाम सुनकर सर्प भाग जाता है

**1950. तेंदू पत्तियों का उत्पादन नहीं करने वाला जिला है–**

(a) बारां (b) चित्तौड़गढ़
(c) हनुमानगढ़ (d) झालावाड़

**MVSI-2013**

**Ans. (c) :** तेंदू के वृक्ष ज्यादातर झालावाड़, बारां, कोटा, चित्तौड़गढ, बांसवाड़ा, उदयपुर व डूंगरपुर जिलों के वन क्षेत्रों में पाये जाते हैं किन्तु अल्प संख्या में ये वृक्ष बूँदी, सिरोही, भीलवाड़ा, पाली, अलवर एवं धौलपुर जिलों के वन क्षेत्रों में भी पाये जाते हैं।

**1951. राजस्थान में तेजी से वन क्षेत्र की गिरावट का कारण है–**

(a) लवणीय जल (b) उच्च तापमान
(c) पेड़ों की अनियंत्रित कटाई (d) वायु अपरदन

**MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011**

**Ans. (a) :** राजस्थान में वन क्षेत्र की गिरावट का प्रमुख कारण जल स्तर में तीव्र गिरावट है या जल का लवणीय होना है। इसके साथ अन्य कारणों में अनियंत्रित कटाई, वायु अपरदन, मरूस्थल का विस्तार इत्यादि भी शामिल है।

**1952. राजस्थान के कौन से जिले में उस जिले के कुल क्षेत्रफल के वन क्षेत्र का सर्वाधिक प्रतिशत है?**

(a) करौली (b) सिरोही
(c) उदयपुर (d) बारा

**लैब असिस्टेंट (गृह विज्ञान)-30-06-2022**
**MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011**

**Ans. (c) :** वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार राजस्थान में कुल वन क्षेत्र 32864.62 वर्ग किमी है, जो कुल भौगोलिक क्षेत्र का 9.60 प्रतिशत है। राजस्थान के उदयपुर (23.49%) में सर्वाधिक वन क्षेत्र है जबकि जोधपुर (0.48%) में न्यूनतम वन क्षेत्र है।

**1953. स्टेट ऑफ रिपोर्ट 2021 के अनुसार राजस्थान राज्य के पंजीकृत वन क्षेत्र का निम्नांकित में से कौन सा प्रतिशत अंश आरक्षित श्रेणी के अन्तर्गत आता है?**

(a) 38.11 (b) 55.64
(c) 6.25 (d) 4.84

**48 LA2018_Question Paper Code-48**

**Ans. (a) :** वर्ष 2021 की वन रिपोर्ट के अनुसार पंजीकृत वन क्षेत्र 37.05% है। राजस्थान में कुल वन 32864.62 वर्ग किमी. (9.60%) है। जो प्रश्न के विकल्प **(a)** के काफी करीब है अतः विकल्प **(a)** सही है।

**1954. शेरगढ़ वन्य जीव क्षेत्र निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?**

(a) बाराँ (b) उदयपुर
(c) जयपुर (d) बीकानेर

**48 LA2018_Question Paper Code-48**

**Ans. (a) :** शेरगढ़ वन्य जीव क्षेत्र बारा जिले में स्थित है। यहाँ पर विभिन्न जन्तुओं की प्रजातियाँ पायी जाती है जैसे सुस्त भालू, बाघ, तेंदुए, जंगली सुअर, चिंकारा, लकड़बग्घा, सुअर, चीतल एवं स्थानीय हिरण आदि। हाल ही में राजस्थान के बूंदी में स्थित रामगढ़ विषधारी वन्यजीव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित किया।

**1955. कौन सा कथन असत्य है?**

(a) शुष्क सागवान वन राजस्थान के दक्षिणी भागों में पाये जाते हैं।
(b) मिश्रित पतझड़ वन उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और सिरोही जिलों में मिलते हैं।
(c) उपोष्ण कटिबंधीय सदाबहार वन आबू पर्वतीय क्षेत्र में पाये जाते हैं।
(d) उष्णकटिबंधीय कांटेदार वन अधिकांशतः पूर्वी राजस्थान में मिलते हैं।

**Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22**